कृपया प्रकाशनार्थ **25 फरवरी 2011**

'ममता' मुंबई की सौतेली माँ : राम नाईक

मुंबई,शुक्रवार:"रेल मंत्री कु. ममता बॅनर्जी ने मुंबई के साथ सौतेली माँ जैसा व्यवहार किया है. मुंबई के 70 लाख रेल यात्रियों के लिए जीवन रेखा जैसी एमयुटीपी - एक योजना कब पूर्ण होगी, एवम् एमयुटीपी - दो का टाईम टेबल कभी बनाया जाएगा, इस के बारे में उन्होंने अपने बजट भाषण में कोई भी जिक्र नही किया है ", ऐसी प्रतिक्रिया पूर्व रेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री. राम नाईक ने रेल बजट के बाद व्यक्त की.

पश्चिम रेल के विरार - डहाणू मार्ग पर उपनगरी रेल शुरु करने की तारीख वह जाहीर करेगी ऐसी प्रवासियों की अपेक्षा थी, जो पूरी नहीं हुई है. एमयुटीपी - एक के तहत सभी रेलगाडियाँ 12 डिब्बे की होनेवाली थी उसका सुधारित टाईमटेबल भी उन्होंने नही दिया है.

"रेल्वे की बिगडी हुई अर्थव्यवस्था पटरी पर कैसे लायी जाएगी इस बारे में कोई भी दिशादर्शन इस अर्थसंकल्प में नहीं दिया गया है. इसलिए अनेक परियोजनाओंकी घोषणा हुई है, फिर भी वे कब और कैसे पूर्ण होंगे, यह एक यक्ष प्रश्न है ", ऐसी भी श्री. राम नाईक ने आगे कहा.

(कार्यालय मंत्री)